



# बरसों बाद बन रही सिंहपुर रोड की खुशी कितने दिन की...

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 4 जुलाई.** क्षेत्रवासियों को बरसों के लंबे इंतजार के बाद सिंहपुर रोड का निर्माण शुरू होने से खुशी तो हो रही है लेकिन, 1.74 करोड़ की भारी-भरकम लागत से बन रही यह सड़क भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की भेंट न चढ़ जाए इसको लेकर शंका भी बनी हुई है। बीते दिनो इस निर्माणाधीन सड़क के एक हिस्से मे करीब 2 फीट गहरा गड्ढा होने से बच्चों से भरी स्कूल बस धंस गई थी, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था। तब वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद पति अरविंद ममता शर्मा ने भी अपनी नाराजगी व्यक्त की थी नगर निगम के स्थानीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद निर्माण कार्य तो शुरू हुआ लेकिन लोगों की शंका अभी भी बनी हुई है। इसका कारण है, चेतकपुरी रोड जिसमें गड्ढा होने पर काफी चर्चाओं में रही थी का निर्माण करने वाले ठेकेदार को ही सिंहपुर रोड के निर्माण का जिम्मा मिला है। यही कारण है कि स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं और इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

> ▸ सड़क को लेकर स्थानीय लोगों ने जताई खुशी वहीं घटिया निर्माण को लेकर चिंता भी व्यक्त की





### जिम्मेदार इंजीनियरों का अजीब तर्क

इस पूरे हंगामे और धंसती सड़कों के बीच इंजीनियर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। उनका तर्क है कि सीवर चैंबर के नीचे लाइन फूटने या पानी के रिसाव के कारण यह स्थिति बनी है। हालांकि, स्थानीय जनता का साफ कहना है कि बेस मटेरियल (गिट्टी और डामर) का सही अनुपात न होना और मानकों की अनदेखी ही इस भ्रष्टाचार की असली वजह है।

### घटिया निर्माण बर्दाश्त नहीं, निगम से की है शिकायत : अरविंद शर्मा



पार्षद प्रतिनिधि, पार्षद पति एवं स्थानीय लोगों का नेतृत्व कर रहे वार्ड क्रमांक 26, पार्षद ममता अरविंद शर्मा की ओर से इस सड़क निर्माण को लेकर आपत्ति भी दर्ज कराई गई हैं। रोड में डामर की परत की मोटाई से लेकर बेस बनाने तक में भारी लापरवाही और निम्न गुणवत्ता का कार्य किया जा रहा है। हमने सड़क निर्माण की शुरुआत से ही इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। गत शुक्रवार को भी जनता के साथ मिलकर हंगामा किया गया था, जिसके बाद निगम की जांच में डामर मानकों के विपरीत पाया गया था। ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## लोगो का कहना है...

### ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला



सड़क का एक हिस्सा अचानक लगभग 2 फीट नीचे धंस गया, जिससे स्कूली बस उसमें फंस गई। गनीमत रही कि ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया और हम सभी ने मिलकर बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। शासन-प्रशासन को किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार नहीं करना चाहिए।

— अजय डंगरोलिया, निवासी व प्रत्यक्षदर्शी

### पूरी सड़क सीसी नहीं, मानकों की उड़ रही धज्जियां



1.74 करोड़ की बड़ी लागत के बावजूद निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर का है। पूरी सड़क को सीसी (सीमेंट कंक्रीट) नहीं बनाया जा रहा है, बल्कि जहां कचरा डाला जाता है या पानी जमा होता है, सिर्फ वहां औपचारिकता के लिए सीसी रोड बनाई जा रही है। कहा गया है कि ऊपर डामर डाला जाएगा, लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर इसकी कोई उम्मीद नहीं लगती। इसकी तुरंत उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

— प्रशांत दुबे, स्थानीय नागरिक



सड़क बनने की प्रतीक्षा लंबे समय से थी अब चुकी निर्माण कार्य शुरू हो चुका है तो इसको लेकर पूरे क्षेत्र की जनता उत्साहित है लेकिन इस बात की शंका भी बनी हुई है कि सड़क की गुणवत्ता सही रहेगी कि नहीं।

नरेश कटारे, स्थानीय

# सहेली के भाई ने किया अपहरण और दुष्कर्म

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 जुलाई.** थाना माधोगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ उसकी सहेली के भाई ने भरोसे का कत्ल करते हुए दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता आरोपी को अपना भाई मानती थी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 2 जून को जब वह घर में अकेली थी, तब आरोपी लोकेंद्र विश्वकर्मा निवासी डांग वाले बाबा की पहाड़ी उसके घर में घुस आया। उसने पीड़िता की वृद्ध दादी को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद 28 जून की रात करीब 1 बजे आरोपी ने दोबारा कॉल किया और घर से बाहर न आने पर अंदर घुसने की धमकी दी। डर के मारे जब नाबालिग बाहर आई, तो आरोपी उसे बाइक पर बैठाकर काल्पी ब्रिज कॉलोनी में अपने दोस्त के किराए के कमरे पर ले गया और वहाँ भी उसके साथ जबरदस्ती की।

**इनका कहना है..**

पीड़ित छात्रा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फिलहाल अपने घर से फरार है। पुलिस टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दिव्या तिवारी,
थाना प्रभारी माधोगंज

### के.ए.सिंह बने समाजवादी मजदूर सभा मप्र के अध्यक्ष



ग्वालियर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मार्गदर्शन और प्रदेश महासचिव व मजदूर सभा प्रभारी रणवीर सिंह यादव की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने के.ए. सिंह को मध्य प्रदेश मजदूर सभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर सपा जिलाध्यक्ष रामवीर सिंह गुर्जर और महानगर अध्यक्ष राजेश यादव ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही रमेश परिहार, डॉ. राकेश खरे, इन्दर सिंह गुर्जर, धीरज यादव, कैलाश बाथम, सत्यराम यादव, रामविजय यादव, विनोद कराना, मीना शर्मा, लोकन्द्र यादव, लोगश्री परिहार और पुष्पा यादव सहित कई पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।



## ढाई हजार करोड़ की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की सौगात देने पर सत्येन्द ने माना सिंधिया का आभार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 जुलाई.** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा शिवपुरी में ढाई हजार करोड़ की लागत से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (डिफेंस पार्क) की सौगात देने के लिए आज ग्वालियर नगर आगमन पर भाजपा जिला ग्वालियर महानगर के जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा ने धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया।

सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि सिंधिया ग्वालियर चंबल संभाग के प्रगति एवं विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हे और अनेकों सौगात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दे रहे हे वहीं दूसरी तरफ ग्वालियर चंबल संभाग को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है. सत्येन्द्र शर्मा ने जनता से जनार्दन एव भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से आव्हान हे कि अधिक से अधिक संख्या में सहभागी होकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बने और कार्यक्रम को सफल बनाए।

## ज्ञान-विज्ञान योग पर हुआ तात्विक विवेचन

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 4 जुलाई.** विश्वगीताप्रतिष्ठानम्, ग्वालियरम् के तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान, कम्पू द्वारा आयोजित 'गीता ज्ञान यज्ञ सप्ताह' के पांचवें दिन आध्यात्मिक चेतना और वैचारिक मंथन का अनूठा संगम देखने को मिला। 'ज्ञान और विज्ञान का तत्त्व' विषय पर आयोजित इस विशेष सत्र में उज्जैन से पधारे विश्वगीताप्रतिष्ठानम् के केन्द्रीय अध्यक्ष स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य महाराज ने भारतीय ज्ञान परम्परा की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का आधुनिक विज्ञान मुख्यत: भौतिक पदार्थों और प्रौद्योगिकियों तक सीमित है, जबकि हमारा सनातन वैदिक विज्ञान सृष्टि के मूल कारण, चेतना, आत्मा, काल और मोक्ष जैसे गूढ़ व ब्रह्मांडीय विषयों का अनुभवसिद्ध विवेचन करता है। उन्होंने युवाओं से आधुनिक विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय से मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर साहित्यकार आदित्य कुमार सक्सेना अंशुधर, कालीचरण शर्मा, डॉ. अंजना कुमारी चौहान, महावीर प्रसाद दुबे, रत्ना कपूर और गणितज्ञ अलकेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तन, मन और धन से भगवान का हो जाना ही भागवत है : पं. देवी

नवभारत न्यूज




**ग्वालियर 4 जुलाई.** विवेक विहार कम्युनिटी हॉल में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास सुश्री पंडित गायत्री देवी (शर्मा) ने व्यासपीठ से ज्ञान की गंगा बहाते हुए कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य प्रभु भक्ति, सेवा और सत्संग है। जो व्यक्ति तन, मन और धन से पूरी तरह भगवान का हो जाता है, वही सच्चा भागवत है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र ग्रंथ वेद रूपी कल्पवृक्ष का पका हुआ अत्यंत दुर्लभ फल है, जो शुकदेव जी के मुख के स्पर्श से अमृत रस से परिपूर्ण हो गया है।

कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत की महत्ता बताते हुए कहा कि इस दिव्य ग्रंथ में कुल 18,000 श्लोक हैं, जिनमें से लगभग 1,500 श्लोक साक्षात् भगवान के मुख से निकले हैं, जबकि शेष श्लोकों में ध्रुव और प्रहलाद जैसे परम भक्तों की कथाएं हैं। भक्तों की ये पावन कथाएं भी भागवत का ही रूप हैं।

उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि 18 पुराणों में भागवत ही एकमात्र ऐसा पुराण है जिसमें वही सार तत्व समाहित है जो वेदों में है। कथा के दूसरे दिन पूज्य दीदी जी ने राजा परीक्षित को मिले श्राप, उनकी मुक्ति के उपाय, शुकदेव जी महाराज के दिव्य आगमन और भीष्म स्तुति जैसे प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक और जीवंत वर्णन किया। कथा के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पांडाल 'राधे-राधे' के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के समापन पर समस्त विवेक विहार कॉलोनी वासियों ने श्रीमद् भागवत जी की महाआरती उतारी.

## एकाग्रता एवं धैर्य ही सफलता का प्रथम सोपान : डॉ. रघुवंशी

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 4 जुलाई.** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए दो दिवसीय 'दीक्षारम्भ' कार्यक्रम (प्रवेशोत्सव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नवागंतुक छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर हुई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जैव प्रौद्योगिकी की समन्वयक डॉ. मीनाक्षी चतुर्वेदी ने कॉलेज के विजन व मिशन से सभी को अवगत कराया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. अनीश पाण्डेय और अनुशासन समिति के समन्वयक डॉ. नगेन्द्र चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को एंटी-रैगिंग के कड़े प्रावधानों और अनुशासन के नियमों को समझाया। स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी डॉ. राजश्री मिश्रा द्वारा दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. पूनम सिन्हा, डॉ. शोभिता उपाध्याय, डॉ. वेद प्रकाश श्रोत्रिय, डॉ. आरजी आर्य, डॉ. विशाल कदम, डॉ. अशोक बरैया, डॉ. सीमा शर्मा और डॉ. प्रगति पाठक सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकों, स्टाफ और छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. एसी रघुवंशी ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) डॉ. गरिमा शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## अजाक्स के छह पदाधिकारी ही मीडिया में पक्ष रखने के लिए अधिकृत

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 4 जुलाई.** अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संगठन (अजाक्स) मध्यप्रदेश ने मीडिया चैनलों और सार्वजनिक मंचों पर संगठन का पक्ष रखने के लिए प्रवक्ताओं की सूची जारी की है। प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य ने स्पष्ट किया है कि पदोन्नति, आरक्षण नीति या संगठन से जुड़े किसी भी विषय पर केवल उनके द्वारा अधिकृत छह पदाधिकारी ही अजाक्स का आधिकारिक मत प्रस्तुत करेंगे। इन अधिकृत पदाधिकारियों में स्वयं प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य, प्रांतीय उपाध्यक्ष जी.एल. गवाटिया, प्रांतीय महासचिव एस.डी. वंशकार, आर.के. दादोरिया, डॉ. नीरा चौधरी और प्रांतीय सचिव दिनेश उमरैया शामिल हैं। संगठन की ओर से कहा गया है कि इन छह पदाधिकारियों के अलावा यदि कोई अन्य व्यक्ति अजाक्स का प्रतिनिधि बनकर बयान देता है, तो उसे संगठन का आधिकारिक मत नहीं माना जाएगा। अजाक्स ने सभी मीडिया संस्थानों से अनुरोध किया है कि संगठन से जुड़ी डिबेट या चर्चा के लिए केवल इन्हीं अधिकृत पदाधिकारियों से संपर्क करें।

## ग्वालियर में 54 पदों पर होगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की भर्ती

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 जुलाई.** ग्वालियर में जल्द ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ और सहायिकाओं को नौकरियाँ दी जाएगी। यह भर्ती प्रक्रिया राज्य प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाएगी। प्रदेश में कुल 2,548 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के पद खली है जिसमे 781 पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के है जबकि 1767 पद आंगनवाड़ी सहायिकाओं के है। इस भर्ती प्रक्रिया की खास बात ये है की इसमें स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही इन सभी पदों पर चयन के लिए पारदर्शिता और स्थानीय प्रतिनिधित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। ग्वालियर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के रिक्त कुल 54 पदों की भर्ती की जायेगी। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 15 व सहायिकाओं के 39 पद शामिल हैं। शहर के वार्डों में आंगनबाड़ी कार्यकता व सहायिका के रिक्त पदों का ब्यौरा अभ्यर्थी पोर्टल https://chayan.mponline.gov.in पर जाकर पता कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी 13 जुलाई 2026 तक पोर्टल पर जाकर अपने आवेदन दे सकते है जबकि अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए फॉर्म में किसी भी प्रकार का 15 जुलाई 2026 तक किया जा सकेगा।

> ▸ स्थानीय महिलाओ को दी जाएगी प्राथमिकता

### क्या भर्ती प्रक्रिया के नियम

भर्ती प्रक्रिया के नियमों की बात करे तो, आवेदिका का उसी राजस्व ग्राम या शहरी वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है, जहां का पद रिक्त है। किसी अन्य ग्राम या वार्ड की महिला इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं मानी जाएगी। इससे स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता मिलने से मैदानी स्तर पर सेवाओं का कुशल संचालन सुनिश्चित हो सकेगा। इसके साथ ही दोनों ही पदों के लिए आयु सीमा 18-35 वर्ष तय की गई है और अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेंडरी अर्थात 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अलावा भर्ती का आवेदन देने के लिए अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करने होंगे।

## युवती से लिफ्ट लेना युवक को पड़ा भारी, हुई पिटाई, पेट में मारा चाकू

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 जुलाई.** मार्केट जा रही एक युवती से बाइक पर लिफ्ट लेना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हो गया। आंतरी थाना क्षेत्र के ग्राम पुरी में रहने वाले 21 वर्षीय गोलू सेन (जो सैलून संचालक है) ने बाजार जाने के लिए पड़ोस की एक युवती की एक्टिवा पर लिफ्ट ली थी। इसे युवती के पिता बलदेव कुशवाहा और चाचा चंदन कुशवाहा ने देख लिया और नाराज हो गए। रात करीब 8:30 बजे जब गोलू अपनी दुकान पर काम कर रहा था, तब बलदेव और चंदन वहाँ पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच चंदन ने चाकू निकालकर गोलू के पेट पर वार किया, लेकिन गोलू के समय रहते हटने के कारण चाकू उसके पेट की बजाय कलाई में धंस गया। बेटे को पिटता देख जब उसके पिता बुद्धाराम सेन बचाने आए, तो आरोपियों ने उन्हें भी जमीन पर पटककर बेरहमी से पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## स्कूल का लोकार्पण कल होगा

**ग्वालियर।** रोटरी क्लब ग्वालियर इम्पीरियल की टीम 2025-26 द्वारा पुनर्निर्मित शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सिरोल का लोकार्पण समारोह 6 जुलाई (सोमवार) को प्रात: 9:30 बजे आयोजित किया जाएगा।

समारोह के मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह तोमर, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधानसभा होंगे। इस सेवा परियोजना का कार्य रोटरी क्लब ग्वालियर इम्पीरियल की टीम 2025-26 द्वारा कराया गया है।

क्लब के अध्यक्ष रोटे. अनिल मित्तल, सचिव रोटे. विवेक हरलालका एवं कोषाध्यक्ष रोटे. आकाश जैन ने सभी रोटेरियन्स, गणमान्य नागरिकों एवं समाजबंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस सेवा कार्य के साक्षी बनने का आग्रह किया है।

## अग्रसेन चौक से बारादरी तक लगने वाले ठेलो से रहवासी परेशान

राशि भदौरिया

**ग्वालियर 4 जुलाई.** ग्वालियर के मुरार क्षेत्र में अग्रसेन चौक से लेकर बारादरी तक लगने वाले फड़ और ठेलो से रहवासियो को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ कर रहा है। ठेलो और फड़ो के कारण आए दिन क्षेत्र में ट्रैफिक जाम लगा रहता है और गंदगी फेहली रहती है। इसके अलावा ठेले, फड़ो और फुटपाथी दुकानों को देखकर दुकानदारों ने भी सड़क पर अपना सामन रखना शुरू कर दिया है। सरकार ने सभी ठेलो और फड़ो के लिए करोडो रुपयों की लागत से मुरार के घासमंडी क्षेत्र में हॉकर्स जोन का निर्माण किया है लेकिन ठेले और फड़ो के संचालक वहां जाकर व्यापर करने को तैयार नहीं है जिसके चलते फ़िलहाल हॉकर्स जोन खाली पड़ा है। अब बड़ा सवाल ये उठता है की इन सभी ठेले और फड़ संचालको के खिलाफ नगर निगम के मदाखलत अमले ने कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए। दरअसल रहवासियो का कहना है की मदाखलत अमले ने कई बार इस जगह से ठेले और फड़ हटाने का प्रयास किया यहां तक की ठेले और सामन भी जप्त किए लेकिन स्थानीय नेताओ के दबाव के चलते मदाखलत अमला भी कुछ नहीं कर सका। पिछले 2-3 वर्षो में मदाखलत अमले ने कई बार ठेले और फड़ हटाने का प्रयास किया जिसके कुछ दिन तक क्षेत्र में ठेले और फड़ नहीं लगे।

> ▸ रोड पर पैदल निकलना भी हुआ मुश्किल



"ठेले वालो की वजह से आये दिन क्षेत्र में जाम लगा रहता है और पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है.
**राजेश राठौर**

"हॉकर्स जोन मौजूद होते हुए भी ठेले और फड़ वाले वहाँ नहीं जाते और यही रोड घेरकर व्यापार करते है जिसकी वजह से रोड से वाहन लेकर निकलना मुश्किल हो गया है
**संजय सोनी**

"हॉकर्स जोन में व्यापर करने जाते है तो वहां कोई खरीदार नहीं आता जिसके कारण कमाई नहीं हो पाती। हम मजबूरी में यहां ठेला लगाते है है क्योंकि अगर बाजार में ठेला नहीं लगाएंगे क्या कमाएंगे और परिवार को क्या खिलायेंगे.
**कमलेश जाटव**

### त्यौहारो के वक़्त होती है सबसे ज्यादा असुविधा

ठेलो और फड़ो से सबसे ज्यादा समस्या त्यौहारों के समय होती है। होली, दिवाली और रक्षाबंधन जैसे त्यौहारों पर यहां से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। वही दूसरी ओर ठेले और फड़ लगा रहे व्यापारियों से जब ये पूछा गया की वह सरकार द्वारा निर्मित हॉकर्स जोन में जाकर अपने ठेले और फड़ क्यों नहीं लगाते तो उनका कहना है की हॉकर्स जोन में उनका धंधा सही नहीं चलता और ग्राहक हॉकर्स जोन में खरीदारी करने आते ही नहीं है। फ़िलहाल रहवासी इस उम्मीद में है की उन्हें जल्द ही क्षेत्र में लगने वाले ठेलो और फड़ो के कारण हो रही अव्यवस्था से मुक्ति मिले।





